Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 17-10-2021 | अंक 29

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्यूज ब्रीफ

### टैंकर के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया रोड ओवरब्रिज के समीप सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। घटना शाम 6 बजे की बताई जा रही है। घटना मृतक की पहचान रामानंद सिंह, पिता महेंद्र सिंह, उम्र 58 वर्ष , ग्राम बसघटा, पोस्ट बैरठ, थाना कटरा, मुजफ्फरपुर बिहार के निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार मुजफ्फर पुर से रांची जा रहे थे। इसी बीच एक टैंकर उन्हें अपने चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था मे उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। लेकिन चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि वे पदमा पीटीसी में प्रशिक्षण दे रहे थे। मौके पर पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर रही है। हालांकि जब तक बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुँचती। टैंकर चालक टैंकर छोड़कर फरार हो चुका था।।



स्व रामनांद सिंह




## सावधानः एमबीबीएस डॉक्टर्स के रहने के बावजूद बरही में आयुष चिकित्सको से कराई जा रही है एलौपैथी ओपीडी,

### नही हो रहा है स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच, आरबीएस कार्यक्रम प्रभावित

**अपेम लाइव : बरही**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल



डॉ शशि शेखर प्रसाद सिंह( डीएस)



डॉ मेराजुल इस्लाम( आयुष चिकि0)



डॉ मो एजाज( आयुष चिकित्सक)



डॉ अमन कुमार (आयुष चिकित्सक)

राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत झारखण्ड के सभी सरकारी अस्पतालों में आयुष चिकित्सको की नियुक्ति की गई है। जिसका मुख्य कार्य सरकारी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चो की स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य सुरक्षा मुहैया कराना है। लेकिन बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत आयुष चिकित्सक अपना मूल कार्य नही कर रहे हैं। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत डॉ मो एजाज, अमन कुमार एवं मो मेराजुल इस्लाम इन दिनों न तो स्कूल भ्रमण कर रहे है और न ही वहां के बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रिपोर्ट बना रहे है। जिसके कारण जिस उद्देश्य के लिए इन आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। वह उद्देश्य पूरा होता नही दिख रहा है। तीनो आयुष चिकित्सक सरकारी अस्पताल में एलौपैथी ओपीडी करने में मस्त है। इन दोनो से एलौपैथी ओपीडी कराई जाती है और ये तीनो भी खुशी खुशी अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। जबकि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कुल 6 एमबीबीएस डॉक्टर कार्यरत हैं। एक दिन में 3 शिफ्ट में ड्यूटी रहती है। जिसमे 3 डॉक्टर्स ही कार्यरत होते हैं। इनमे भी इनके स्थान पर आयुष चिकित्सक ही ओपीडी कर रहे हैं। शेष 3 डॉक्टर्स बिना ड्यूटी के आराम फरमाते हैं। क्योंकि इन डॉक्टर्स की ड्यूटी आयुष चिकित्सक ही कर देते हैं। आयुष चिकित्सक भी ओपीडी ड्यूटी का विरोध नही करते हैं। क्योंकि डयूटी के बहाने उन्हें क्षेत्र भ्रमण नही करना पड़ता है। जानकारी हो कि आयुष डॉक्टर्स की पढ़ाई आयुर्वेदिक बेस पर हुआ है। लेकिन इनके द्वारा एलौपैथी इलाज किया जा रहा है। जिसके कारण कभी भी गलत इलाज की खमियाजा जनता को भुगतना पड़ सकता। यह जानते हुए भी स्थानीय प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि अभियान निदेशक स्वास्थ्य के द्वारा सभी अस्पताल के प्रभारी को बतौर पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि आयुष चिकित्सक से किसी तरह की ओपीडी कार्य नही कराना है। इनसे आरबीएस का कार्य कराना है। लेकिन आदेश को भी बरही में ठेंगा दिखा दिया जा रहा है। तीनो आयुष चिकित्सक भी चुप्पी साधे रहते है। जिससे स्पष्ट होता है कि दोनों आयूष चिकित्सक भी नही चाहते हैं कि आरबीएस का कार्य युद्ध स्तर पर हो। बच्चो का स्वास्थ्य का विकास हो। इस संबंध में डीएस डॉ० एसएसपी सिंह ने कहा कि आयुष चिकित्सक का काम आरबीएस कार्यक्रम को देखना है। लेकिन कोरोना में उनसे ओपीडी कराई गई है। अब उन्हें उनके मूल कार्य करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। एमबीबीएम डॉक्टर भी सही तरीके से ड्यूटी भी नही करते है। इसलिए आयुष चिकित्सकों से ओपीडी करानी पड रही है। क्योंकि अधिकांश एमबीबीएस डॉक्टर्स मुख्यालय में रहते ही नही हैं।

## अपेम एजूकेशन विंग

### कैसे सुधरेगी झारखंड में शिक्षण व्यवस्था, जानिए एक शिक्षक की कलम से



धनंजय कुमार

तमसो मा ज्योतिर्गमय

**अपेम लाइवः बरही**

### दिल्ली की तर्ज पर हो झारखंड मे शिक्षण व्यवस्था में सुधार : धनंजय

झारखंड में इन दिनों शिक्षण व्यवस्था बहुत ही चरमरा गई है। झारखंड में शिक्षा व्यवस्था पर हर साल 11 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि सरकार खर्च करती है, लेकिन हालात फिर भी बदतर हैं। दरअसल सरकारी स्कूलों में सर्व शिक्षा अभियान के तहत और राज्य सरकार की तरफ से विद्यार्थोयों को मुफ्त पोशाक, किताबों से लेकर जूते, भोजन और कंप्यूटर की शिक्षा सब मुफ्त दी जाती है. परिणाम सामने है।

वही दिल्ली के सरकारी स्कूलों में निजी स्कूलों की तर्ज पर पढ़ाई होने लगी है। शासकीय स्कूलों की व्यवस्था में सुधार होने के बाद लोगों ने अपने बच्चों का दाखिला शासकीय स्कूलों में कराना शुरू कर दिया है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 30 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक है। जबकि झारखंड के सरक. ारी स्कूलों में शिक्षक छात्र संख्या का अनुपात दयनीय स्थिति में है। यहां पर शिक्षण व्यवस्था का काम अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा है।

दिल्ली में सबसे पहले स्कूलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया गया है। वहां के स्क. ूलों के भवन निजी स्कूलों की तर्ज पर विशाल, सुसज्जित और सर्व-सुविधायुक्त बनाए गए है। सभी क्लास रूम में पंखे, बिजली, ग्रीन बोर्ड, घड़ी, फर्नीचर सहित तमाम जरूरी सुविधाएं जुटाई गई है। पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगाए गए। लायब्रेरी, लेबोरेट्री, मेल-फीमेल के लिए अलग-अलग ट०यलेट और बाउंड्रीवाल से लेकर फंक्शन ह०ल तक बनाए गए है। व्यवस्थित ओपन कैंपस, हरियाली, सुरक्षा गार्ड सहित अन्य जरूरतों को पूरा किया गया है। इसी का नतीजा है कि स्कूलों के प्रति जनमानस में आकर्षण बढ़ा और वे अपने बच्चों को उनमें एडमिशन दिलाने लगें हैं। इसलिए झारखण्ड को भी दिल्ली के तर्ज पर व्यवस्था में सुधार लाना होगा।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मदरसा आलिया मुरादिया में वार्षिक परिणाम का किया गया घोषणा

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


स्वगत करते मदरसा आलिया मुरादिया के लोग

बरही प्रखण्ड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित मदरसा आलिया मुरादिया में वार्षिक परिणाम का घोषणा किया गया। जिसमें भावी मुखिया प्रत्याशी उम्मीदवार अब्दुल अंसारी उर्फ संजय ने सभी परीक्षा में आये प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान में आये सभी बच्चों को पुरस्कार के रूप में कलम, क०पी और पेंसिल दिया, साथ ही मदरसा के मुद्दरिस मौलाना गुलाम हैदर, हाफ़िज़ अल्लाउद्दीन,मौलान खुर्सीद, हाफ़िज़ मेहबूब आलम, सदर अस्मिद को मुख्य प्रत्याशी अब्दुल अंसारी के द्वारा कपड़ा और पगड़ी देकर सम्मानित किया गया। अब्दुल अंसारी ने घोषणा करते हुए बताया कि बच्चों के आगे की पढ़ाई या भविष्य में होने वाले किसी भी तरह की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बच्चों को पढ़ने के लिए यथासंभव हरेक जरूरतों को निःस्वार्थ भावनाओं से पूर्ण किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक दिनी और दुनयावी तालीम का भी जोरदार प्रदर्शन किया गया। मदरसा आलिया मुरादिया के प्रधानाध्यापक मौलाना गुलाम हैदर ने कार्यक्रम का संचालित करते हुए बताया कि इस मदरसे में पढ़ रहे सभी प्रकार के बच्चों को हर एक तरह की शिक्षा दी जाएगी ताकि इस आधुनिक समय में चल रहे प्रतिस्पर्धाओं को आसानी से समझ सके । साथी उन्होंने यह भी घोषणा किया कि आगामी पर्व हज़रत मोहम्मद सल्लाहु ताला अलैह वस्सलम के जन्म दिवस पर बच्चों के नाम एक अनामी मुकाबला रखा जाएगा। कार्यक्रम में मौलाना गुलाम हैदर रिज़वी, हाफ़िज़ अल्लाउद्दीन, मौलान खुर्सीद, सदर अस्मिद अंसारी, अब्दुल अंसारी, रहमान मिया, अनवर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, अब्दुल कलाम, मेराज़ अंसारी, अज़हरुद्दीन एवं हैदायत अली मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कोरोना की जंग में 100 करोड़ वैक्सीनेशन के बेहद करीब पहुंचा भारत, इस हफ्ते रचेगा इतिहास

**अपेम लाइवः बरही**
**सुनील कुमार**




कोरोना वायरस से जारी जंग के बीच सबसे बड़े हथियार के रूप में देखी जाने वाली कोरोना वैक्सीन भारत में नया इतिहास रचने जा रही है. अगले पांच से छह दिन में देश में कोरोना वैक्सीन लेने वालों की संख्या 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगी. स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक शनिवार शाम तक देश में 97.62 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी है. शनिवार को 38 लाख डोज दी गई.। मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक टीकाकरण के तीसरे चरण की शुरुआत होने के बाद से कुल 39,25,87,450 लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज जबकी 11,01,73,456 लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है. मंत्रालय ने कहा कि देश में अब तक कुल 69,45,87,576 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज खुराक और 28,17,04,770 को दूसरी डोज दी गई है. मंत्रालय ने कहा कि देश में कोविड-19 टीकाकरण कवरेज शनिवार को 97.62 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया.

## पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बरकठा बिधानसभा रामचन्द्र प्रसाद ने भुसवा मंदिर निर्माण में किया सहयोग

### मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग करने पर आत्मीय संतुष्टि मिलती है : रामचन्द्र प्रसाद

**अपेम लाइव : इचाक**


मंदिर निर्माण में सहयोग करते रामचन्द्र प्रसाद

समाजसेवी सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बरकठा बिधानसभा रामचन्द्र प्रसाद ने आज इचाक के भुसवा गाँव में जाकर वहाँ हो रहे मंदिर निर्माण में सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें मालूम चला की भुसवा में मंदिर निर्माण होना है। इसलिए उन्होंने वहाँ जाकर 5500 रुपए की सहयोग राशि दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अगर इसमें और सहयोग की ज़रूरत होगी तो वो अपनी छमता अनुसार ज़रूर सहयोग करेंगे। उन्होंने इचाक के और सभी जनप्रति. निधियों और जन्मान्य लोगों को सहयोग के लिए आगे आने लिए अनुरोध किए।उन्होंने पहले भी सिरसी मंदिर बनाने के क्रम में 29000 रुपए, बोंगा मंदिर बनाने में 51000 रुपए की सहयोग राशि एवं मोक्तमा में सामाजिक चबूतरा बनाने के लिए 14000 रुपए की सहयोग राशि दिया ।इस बीच उन्होंने कहा की भुसवा की जनता के मंदिर निर्माण के सोच को सराहनीय बताया एवं कहा के धार्मिक स्थल का निर्माण से समाज में सकारात्मक सोच का विकाश होता है। पूजा पाठ से लोग ऊर्जावान महसूस करते हैं। इससे समाज में फैल रही बुराइयों पर भी सकारात्मक असर होता है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज आज कल काफ़ी असहज महसूस कर रहे है। दुनिया भर के कई हिंदू अल्पसंख्यक देशों में आज हिंदू मंदिरो को तोड़ा जा रहा है।इससे लोग भयभीत होकर दूसरे देशों में पलायन कर रहे है।भारतीय सरकार और दुनिया भर के हिंदू संगठनों को इस दुर्व्यवहार के प्रति एकजुटता के साथ आवाज़ उठाना चाहिए। उन्होंने हिंदुओं के संगठित रहने को भी लेकर बात कही। उन्होंने कहा संगठित रहने के लिए सभी हिंदुओं को प्रत्येक रविवार या मंगलवार को मंदिर में साथ आना चाहिए। एसमे हिंदू उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है हिंदुओं को संगठित रहने का। उन्होंने कहा कि अब अगर हिंदू एक जुट नहीं हुए तो वो दिन दूर नहीं जब हिंदुओं को कश्मीर जैसी स्तिथि देखनी पड़े। परंतु उन्होंने यह भी कहा की इसका मतलब यह नहीं की अलगाववादी और दूसरे धर्म के लोग यह मान ले की हम असंगठित एवं असहाय है। हाँ यह है की हम सभी धर्म के लोगों के साथ भाईचारा के साथ रहते है।उन्होंने अभी हो रही बंगलादेश में दुर्भाग्यपूर्ण घटना को निंदनीय बताया एवं सभी हिंदू संगठनों एवं भारतीय सरकार से इसपर अतिशीघ्र आवश्यक करवायी करने की बात कही। इस मौक़े पर लक्ष्मण राम, सुरेंद्र मेहता, प्रयाग राम, सुनील मेहता, संजय मेहता, अजय मेहता सहित भुसवा एवम् बोंगा के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मृतक परिवार से मिले मुखिया उम्मीदवार व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, पीड़ित परिवार को दिया आर्थिक सहायता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


मृतक के परिजनों से मिलते हसबुन निशा

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के तुरी टोला निवासी सोहन तुरी पिता स्व भोला तुरी की मृत्यु आचानक उनके आवास पर हो गयी। उनकी मृत्यु की सुचना पाते ही कोनरा पंचायत की भावी मुखिया उम्मीदवार हसबुन निशा एवं उनके पति वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्त्ता रिजवान अली पीड़ित परिवार से मिलने कोनरा तुरी टोला पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढाँढ़स बँधाया। मुखिया उम्मीदवार हसबुन निशा ने पीड़ित परिवार को अपने स्तर से आर्थिक रूप से क्रियाकर्म के लिए नगद राशी देकर सहयोग किया। साथ ही वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली ने मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु तत्काल आवेदन पत्र भरा और हर संभव सहयोग करने की बात कही। मुखिया उम्मीदवार हसबुन निशा व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली के इस पुनीत कार्य से कोनरा तुरी टोलावाशी काफी हर्षित हुए।







अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016, 9550809864, 9431129570

दिनांकः 17-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## रविवार से झारखंड में बदलेगा मौसम, केरल में बारिश से हालात बिगड़े, चार की मौत, सेना से मांगी मदद

**अपेम लाइव : बरही**
**सुनील कुमार**



झारखंड का मौसम एक बार फिर बदलने लगा है. इधर कई दिनों से धूप और बादलों की लुकाछिपी के बीच राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की फुहार के बाद फिर भारी बारिश के आसार बनने लगे हैं. यहां मौसम विभाग ने रविवार से मौसम में बड़े बदलाव के संकेत दिये हैं और बारिश, वज्रपात को लेकर अलर्ट भी जारी किया है. कहा गया है कि इस दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्यिसस की गिरावट भी आ सकती है. उधर केरल में शनिवार को भारी बारिश से राज्य के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. घंटों मूसलाधार बारिश के बाद वहां हालात इतने खराब हो गए कि कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी और 12 लापता हैं. बारिश ने राज्य सरकार की चिंता बढ़ा दी है. राज्य सरकार ने राहत और बचाव कार्य के लिए सेना और एयर फोर्स से मदद मांगी है

**झारखंड के कई हिस्सों में होगी बारिश।** मौसम विभाग के अनुसार 17 अक्तूबर को झारखंड के उत्तर-पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य भागों में कहीं कहीं बारिश होने की संभावना है. इसका असर रांची, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसांवा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ आदि जिलों में देखने को मिल सकता है. वही 18 अक्तूबर को राज्य के उत्तरी-पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है. 19 और 20 अक्तूबर को राज्य के लगभग सभी भागों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जतायी गयी है. कुछ जगहों पर गरज के साथ वज्रपात होने की आशंका जतायी गयी है.


## गांववालों को आज भी नसीब नहीं पक्की सड़क, कंटीली पगडंडी पर चलने को मजबूर हैं लोग

## आजादी के सात दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं सिझुआवासी

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**
**राजकुमार यादव**

टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय से 18 किलोमीटर की दूरी पर टाटीझरिया-बरकट्ठा के सीमा क्षेत्र का आदिवासी टोला सिझुआ आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। टाटीझरिया प्रखंड के खैरा पंचायत का सुदूर आदिवासी टोला सिझुआ देश की आजादी के सात दशक के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है। खैरा चौक के बाद बरकट्ठा सडक से 3 किलोमीटर पगडंडी रास्ते के बीच बसे सिझुआ के 50 घरों में लगभग 500 आदिवासी निवास करते हैं। यहां के आदिवासी मुख्य रूप से खेतीबाड़ी और वन्य पदार्थों पर निर्भर हैं।

**पगडंडी सड़क से सफर करने की मजबूरी** सिझुआ गांव की मुख्य समस्या यहां की सडक है। गांव तक पहुंचने के लिए लोगों को पगडंडी का सहारा लेना पडता है। गड्ढे-नाले पार कर ग्रामीणों का सफर पूरा होता है। रास्ते के नुकीले पत्थरों की वजह से कई बार ग्रामीण लहूलुहान भी जाते हैं। इस बारे में चुन्नुलाल मूर्मू, साहेब राम, तालो मांझी, महेश मांझी, रामेश्वर हांसदा, बंशी मांझी ने बताया कि इसी बदहाल कच्चे सडक से हमलोग मुख्य सड़क की ओर जाते है। अन्य दिनों में तो इस सड़क से गुजर जाते है लेकिन जब बारिश आती है और यह पानी और कीचड़ से भर जाता है। ऐसे में लोग इस सड़क से पार नहीं हो पाते हैं। गांव में जब लोग बीमार पड़ते है तब हालत और खराब हो जाती है।



पगडंडी सडक



**पक्की सडक बन जाने से सिझुआ झरना का विकास संभव** चारों ओर घने जंगलों, पहाड की तलहटी और प्रकृति की गोद में बसा सिझुआ गांव में लगभग 60 फीट की ऊंचाई से गिरती झरना लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करती है। यहां सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन सडक नहीं होने के कारण इन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। यदि सरकार और पर्यटन विभाग इस गांव तक पक्की सडक निर्माण कराती है तो इस स्थल का विकास संभव है। सिझुआ गांव में विकास के नाम पर एक नवप्राथमिक विद्यालय व एक आंगनबाड़ी केंद्र है। गांव तक बिजली पहुंची हुई है। पानी की समस्या से आदिवासियों को जूझना पड़ता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कई बार इस सडक निर्माण की मांग किया गया है पर बात अबतक सिफर ही रहा है।



सिझुआ गांव का एक दृश्य

अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

## दिलचस्प होगा पैक्स चुनाव, तारीखों का हुवा ऐलान

## झापा, पाण्डेयबारा, बच्छई, सिंघरावां चैयकला व बेला पैक्सों में होना है चुनाव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




कार्यालय सहायक निबंधन, सहयोग समितियां, हजारीबाग अंचल द्वारा जारी किए गए अधिस. ूचना के बाद अपना कार्यकाल पूरा कर चुके प्रखण्ड के छः पैक्सों में अध्यक्ष पद व समितियो के चुनाव सबधिति तारीखों का ऐलान कर दिया गया। पंचायत चुनाव से पहले होने वाले पैक्स चुनाव को सेम. ीफानल चुनाव कहा जा रहा है। जानकारों की माने तो इस बार का पैक्स चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। वर्तमान अध्यक्ष पुनः अध्यक्ष बनने के जुगाड़ में भीड़ गए है तो वही संभावित उम्मीदवार अपने जीत के जुगाड़ में भीड़ गए है। अधिसूचना के अनुसार बेला पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन 20 अक्टूबर व 31 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा। सिंघरावां पैक्स का नामांकन 22 अक्टूबर व 01 नवम्बर को मतदान होगा। झापा पैक्स में उम्मीदवार अपना नामांकन 24 अक्टूबर को कराएंगे जबकि 03 नवम्बर को मतदान होगा। बच्छई पैक्स अध्यक्ष पद का नामांकन 29 अक्टूबर व 09 नवम्बर को मतदान होगा। पाण्डेयबारा पैक्स में अध्यक्ष पद हेतु नामांकन 12 नवम्बर को व मतदान 25 नवम्बर को होगा। चौयकलां पैक्स में 01 नवम्बर को नामांकन व 11 दिसम्बर को मतदान होगा। मालूम हो कि वर्तमान में बेला पैक्स अध्यक्ष सियाराम सिंह, सिंघरावां पैक्स अध्यक्ष नौसाद खान, झापा पैक्स में कार्यवाहक अध्यक्ष रामेश्वर राम, बच्छई अध्यक्ष सहदेव प्रसाद यादव, पाण्डेयबारा पैक्स संजय पांडेय, चौयकलां पैक्स सैयद तनवीर है।

## डिवाइन स्कूल में कैरियर काउंसेलिंग का आयोज़न

## सोशल मीडिया से रहे दूर : बाबूलाल प्रसाद

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**




मंच को संबोधित करते बाबुलाल प्रसाद

बरकट्ठा प्रखण्ड के सीबीएसई से संबंद्धता प्राप्त प्लस टू डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कैरियर क०उंसेलिंग का आयोजन किया गया, जहां प्रखण्ड के विभिन्न जगहों में संचालित शिक्षण संस्थान के संचालक, बच्चों के अभिभावक समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर दो आईटीटीएन भाई केदार प्रसाद व बाबूलाल प्रसाद ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य व कैरियर के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए बाबूलाल प्रसाद ने कहा कि सफ़लता के लिए कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय जरूरी है। आज के दौर में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने की जरूरत है साथ आगे के प्लान के तहत उनकी तैयारी सतत व नियमित होनी चाहिए। इसके लिए अच्छे सङ्गत जरूरी है। वहीं गुरु का मार्गदर्शन उनके भविष्य का द्वार खोल देती है। छात्रों को मार्क्स के पीछे चिंता करने के बजाय लगातार एकाग्रता के साथ मेहनत करने पर बल दिया गया। मौके पर डॉ प्रकाश कुमार, रविकांत, शिक्षक त्रिलोकी प्रसाद, मो रियाजुद्दीन, संजीव कुमार के अलावे कई शिक्षविद शामिल थे।

## सैनिक ट्रॉफी फुटबॉल का फाइनल मुकाबला में कोल्हुकला ने चिगलाबार को 4 गोल से हराया

## शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस के लिए खेल जरूरी : मो क्यूम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




मैच का उद्घाटन करते अतिथिगण

बरही प्रखंड अंतर्गत धोबियापहरी के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सैनिक ट्र०फी फुटब०ल टूर्नामेंट का फाइनल मैच जय हिन्द क्लब कोलहुवाकला बनाम चिग्लाबार के बीच खेला गया। जिसमे कोल्हुआकला ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत हासिल कर इस सैनिक ट्र०फी पर कब्जा जमाया। मैच का उदघाटन बरही मध्य के जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो क्यूम, कोडरमा जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला यादव, जिला परिषद् उमीदवार संजय यादव, समिति सदस्य मुनिलाल यादव, समाज सेवी सफीक खान उर्फ पप्पू खान ने संयुक्त रूप से कीक मारकर मैच का किया। इस मैच कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। विजेता टीम जय हिन्द क्लब कोल्हुआकला को ट्रैक शूट एवं कप देकर सम्मानित किया गया एवं उप विजेता टीम चिग्ला बार को जर्शी एवं कप देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस के लिए खेल जरूरी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रयाग यादव, बहादुर पासवान, राम प्रवेश यादव, बलराम यादव, रामस. ेवक, रवि, मनोज राणा, नागेश्वर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार   एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर हाफ मैराथन का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व : अंबा प्रसाद

### मैराथन दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**

झारखण्ड युथ फेडरेशन के सौजन्य से हर साल की भांति इस बार भी हाफ मैराथन का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम रविवार को पंचफेडी मैदान से शुरू हुआ ।मैराथन दौड़ के बाद पंचफेडी में पर्यावरण बचाव को लेकर सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व आगंतुक सभी मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,विधायक अमित कुमार यादव,, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,ज़िप सदस्या कुमकुम देवी,ज़िप सदस्य कट. कमदाग प्रियंका कुमारी समेत विशिष्ट अतिथि सलैया पंचायत के मुखिया गा. पाल प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि केदार साव,पसस0 रिंकी कुमारी,शिक्षविदों में गुरुकुल संस्थान के निदेशक जेपी जैन,शिक्षाविद ड00प्रकाश कुमार,डिवाइन स्कूल के निदेशक आईपी भारती ,हाई कोर्ट के अधिवक्ता रामसेवक प्रसादआदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार समेत अन्य गण्यमान्य लोगो को युथ फेडरेशन की ओर से बुके व पौधा देकर सम्मानित किया गया।वहीं सभा का संचालन रविकांत के द्वारा किया गया।इस मौके पर बड़कागांव विधायाक ने संबोधित करते हुए कहा पर्यावरण का



सम्मान समारोह मे उपस्थित अम्बा प्रसाद व अन्य

संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है।वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा जल ,आक्सीजन के लिए पेड़ पौधा का बचाव करने का संकल्प लेने की ज़रूरत है।तभी हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है।इस अवसर पर कई वक्ताओं ने पर्यवारण संरक्षण को लेकर अपनी बात रखी।वहीं हाफ मैराथन दौड़ में प्रथम -दस स्थान बनाते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले अर्जुन टुड्डू जमशेदपुर, पवन सिंह हज़ारीबाग ,राकेश महतो धनबाद,तालेश्वर कुमार तुर्कबाद ,दीपक कुमार महतो हज़ारीबाग,अरुण कुमार राय धनबाद,जानकी कुमार साव देवघर,सुधीर कुमार पंडित बरही,विवेक कुमार चंद्रवंशी चौपारण,शुभम कुमार हज़ारीबाग को ट्र0फी व पौधा देकर सम्मानित किया गया।मौके पर युथ फे. डरेशन के अध्यक्ष सौरभ कुमार,सचिव मनोज कुमार,कोषाध्यक्ष विकास कुमार,भाजयुमो प्रखण्ड अध्यक्ष सह युथ फेडरेशन के सक्रिय सदस्य टिंकू प्रसाद,पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद,सोमरण प्रसाद,मो0 खलील अंसारी,रीतलाल प्रसाद,संतोष देव,राजदेव प्रसाद, छोटेलाल मेहता,भाजपा बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद,मनोहर चौधरी,शिक्षक यमुना साव,युगल ठाकुर,भाजपा के वरिष्ठ नेता समन ठाकुर,चंद्रशेखर प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।


## सत्येंद्र कुमार सिंह ने केदारुत पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के लिए पेश की दावेदारी

केदारूत पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की एवं समाज से जात-पात, धर्म-मजहब से ऊपर उठकर राजनैतिक दलगत भावनाओं से अलग हटकर समाज में सेवा भावना से केदारुत पंचायत के प्रखंड स्तर पर पंचायत के समस्याओं को बेहिचक बैठक में प्रस्ताव पारित करवाकर समस्याओं का निदान किया है। साथ ही साथ उन्होंने अपने पंचायतवासीयों से एक बार फिर समर्थन मांगा है।



सत्येंद्र कुमार सिंह




### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक:---18.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके:---1943
याम्यायन सौम्यगोलेरू
ऋतु:---शरद
माह:---अश्विन
पक्ष:---शुक्ल पक्ष
तिथि:---त्रयोदशी तिथि
दिन:---सोमवार
नक्षत्र:---पू.भा. नक्षत्र दिन 12:18 मिनट तक उपरांत उ.भा. नक्षत्र
योग:---ध्रुव
करण:---कौ
सूर्योदय :---प्रात: 06:18
सूर्यास्त : संध्या 05:42
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल प्रात::---07:30 बजे से प्रात::---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोट:---दिनांक 15-10-2021 के रात्रि 12:23 से दिनांक 20-10-2021 के दिन 02:30 तक में पंचक रहेगा।
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास:---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से मन शांत रहता है।



आलेख:---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## प्रजापति समाज के विकास के लिए सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक विकास पर देना होगा जोरः संतोष प्रजापति

### झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ रामपुर की ग्राम कमिटी का गठन, सुरेश प्रजापति अध्यक्ष, सचिव बने शिव नारायण

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के बैनर तले ग्राम रामपुर में ग्राम स्तरीय कमेटी गठन को लेकर प्रजापति समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता महेंद्र प्रजा. पति एवं संचालन रामअवतार प्रजा. पति के द्वारा किया गया। बतौर पर्यवेक्षक मुख्य अतिथि बरही प्रखंड के सम्मानित अध्यक्ष तोखन प्रजापति, बरही प्रखंड का अध्यक्ष संतोष प्रजा. पति और चौपारण प्रखंड से अशोक प्रजापति, रामअवतार प्रजापति एवं राम सुंदर प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में संगठन की मजबूती देने के लिए पुरुष वर्ग से अध्यक्ष सुरेश प्रजापति, सचिव शिव नारायण प्रजा. पति, कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति, और महिला मोर्चा से अध्यक्षा रेनू देवी, सचिव सुजन्ती देवी, एवं संरक्षक सीताराम प्रजापति, मीडिया प्रभारी शिव कुमार प्रजापति का चयन किया गया। नव चयनित ग्राम कमेटी के पदाधिक. ारियों को शुभकामना देते हुए सम्मा. नित अध्यक्ष तोखन प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज का अतीत गा. ैरवशाली है। लेकिन हम एकजुट नही है। जिसके कारण हमें जितनी राजनी. तिक भागीदारी मिलनी चाहिए। उतनी नही मिल रही है। प्रखंड अध्यक्ष संतोष प्रजापति ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओ को भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी प्रजापति समाज का विकास हो पायेगा। अशोक प्रजापति ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की कुंजी होता है। इसलिए हमें अपने समाज मे शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। रामवतार प्रजापति ने कहा कि अपने समाज के युवाओं को भी अब आगे आना होगा। समाज के विकास में अपनी भागीदारी निभानी होगी। रामसुंदर प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज के लोगों में राजनितिक चेतना की कमी है।




नव चयनित महिला ग्राम कमेटी का सम्मानित करते अतिथिगण




नव चयनित पुरुष ग्राम कमेटी का सम्मानित करते अतिथिगण

लोगो मे राजनीतिक चेतना जागृत करनी होगी। राजनीतिक दल भी प्रजा. पति समाज की उपेक्षा करती आई है। लेकिन अब ऐसा नही होगा। पर प्रजापति समाज के कई लोग मौके मौजूद रहे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## विष्णुगढ़ सीओ के खिलाफ भाजपा मंडल ने खोला मोर्चा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


सीओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन की रणनीति तैयार करते भाजपा मंडल कमेटी

प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत एक ग्रामीण के साथ विष्णुगढ़ सीओ द्वारा कथित रूप से किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ भाजपा पूर्वी मंडल ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर रविवार को भाजपा पूर्वी मंडल की बैठक उच्चाघाना के मिलनटांड परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नारायण महतो व संचालन महामंत्री सुखदेव रजवार ने किया। बैठक में मौजूद पीड़ित ग्रामीण महेन्द्र महतो ने बताया कि बीते 7 अक्टूबर को एक जमीन के विवाद को लेकर विष्णुगढ़ सीओ रामबालक कुमार ने छुट्टी के बावजूद चौकीदार द्वारा सूचना देकर बुलवाया। बताया कि सीओ के बुलावे पर अपने भाई राजेश कुमार के साथ सीओ के पास पहुंचे तो वे देखते हीं आग-बबूला हो गए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भाई के साथ मारपीट की। इसके बाद घसीटते हुए कार्यालय की ओर ले जाने लगे। पुनः एक वाहन में बैठाकर विष्णुगढ़ थाना ले जाकर हिरासत में बंद करने की धमकी दी। विष्णुगढ़ सीओ की इन कारगुजारियों से अवगत होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष प्रकट करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिचौलियों एवं दलालों का बोलबाला हो गया है। इनके शह पर पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस पर अंकुश लगाने के लिए तथा सीओ की कार्यशैली के खिलाफ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी से वैधानिक अनुमति ली जाएगी। मौके पर महामंत्री प्रकाश साव, गोविंद महतो, टहल महतो, जगदीश हांसदा, त्रिवेणी प्रसाद, सुरेश राम, जगरनाथ महतो, सत्यनारायण महतो, भोला साव, प्रेमचंद महतो, घनश्याम महतो, तुलसी सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां की हत्या का आरोपी बेटा व दामाद गिरफ्तार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


गिरफ्तार नामजद आरोपी पुत्र तथा दामाद

पैसों के लेनदेन के विवाद में बहला फुसलाकर अपनी मां को सुनसान जगह ले जाकर गला घोंटकर हत्या करने के नामजद आरोपी पुत्र मो अमजद शाह तथा मृतका के दामाद इम्तियाज शाह को विष्णुगढ़ पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपियों के पास से एक बाइक तथा घटना में प्रयुक्त कपड़ा से बना हुआ एक रस्सी भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि थाना अंतर्गत नवादा के मो अमजद शाह अपनी मां को. हिनूर बीबी से जमीन बिक्री के रूपए मांग रहा था। मां-बेटे में लेनदेन की बात नहीं बनने पर आरोपी पुत्र ने अपने बहनोई गैड़ा निवासी इम्तियाज शाह के साथ मिलकर अपनी मां को बहला फुसलाकर गांव से बाहर डुमरडीहा के रास्ते में सुनसान जगह पर ले जाकर गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को रास्ते में फेंककर फरार हो गए। इसे लेकर मृतक की पुत्री अफसाना खातून के लिखित आवेदन पर मृतका के पुत्र तथा दामाद के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग एसपी के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त कई सामान भी पुलिस के हाथ लगे हैं।

## किसान विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने किया जिला कार्यालय का शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल पंकज महतो एवं अन्य

बादम पंचायत में किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने किसान विस्थापित संघर्ष मोर्चा जिला कार्यालय का शुभारंभ फीता काट कर किया। मौके पर पंकज महतो ने कहा के किसानों, विस्थापितों, रैयतों की लड़ाई को मोर्चा पूरी ताकत से लड़ेगा। जहां भी जरूरत होगी मैं जानता के लिए खड़ा रहूंगा। इस बीच पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए महुलिया में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे नए कार्यकर्ताओं को माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विस्थापित मोर्चा जिला अध्यक्ष मुन्ना खान, जिला अध्यक्ष राम कुमार, जिलानी खान, ओमप्रकाश महतो, कोलेश्वर कुशवाहा, सोहेल अहमद, हुलास महतो, अशोक पाहन, इमाम अली, वकास अंसारी, नसरू, राजन, आदि उप. स्थित थे।

आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं। संपर्क-9431129570

## ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात आरक्षण हेतु 25 अक्टूबर को बड़कागांव में होगा ओबीसी सम्मेलन

### जन सहयोग से जल्द जीतेंगे आरक्षण की लड़ाई : अंबा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


सम्मेलन को संबोधित करते विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव प्रखंड के झारखंड महाविद्यालय परिसर में बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राज्य में ओबीसी समुदाय को जनसंख्या के अनुपात आरक्षण की मांग को लेकर विशेष चर्चा की गई तथा बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में सम्मेलन के आयोजन को लेकर विचार विमर्श हुआ। बैठक में विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि ओबीसी को उनकी जनसंख्या के अनुपात आरक्षण प्रदान करने के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। झारखंड में ओबीसी समुदाय के लोग काफी गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं। राज्य में 52 प्रतिशत जनसंख्या होने के बावजूद सरकारी नौकरियों में उनके हक का आरक्षण नहीं मिल रहा है। झारखंड में वर्तमान समय में मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी समुदाय को दिया जा रहा है जो कि अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। उन्हें उचित हक एवं अधिकार प्राप्त हो इसके लिए आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जाना नितांत आवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय को कम से कम 27प्रतिशत आरक्षण प्राप्त हो इसके लिए इसके लिए पूरे प्रदेश से मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि कम से कम 27ः आरक्षण दिलवाने हेतु जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर भी सम्मेलन करेंगी एवं राज्य के सभी जिलों से क्रांति यात्रा निकाली जाएगी तथा जन सहयोग से आरक्षण की लड़ाई को जीता जाएगा। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 25 अक्टूबर दिन सोमवार को समय 12:00 बजे बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में सम्मेलन का आयोजन किया गया जाएगा , सम्मेलन में राज्य के कई मंत्री, विधायक एवं नामी-गिरामी मौजूद रहेंगे, जिसमें ओबीसी समुदाय को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्रदान करने हेतु सभी समुदायों का समर्थन लिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, सुरेश प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, ओम प्रकाश प्रसाद, देवनारायण राम, फागू राम, इंद्रदेव नायक, मनोज ठाकुर, गिरेंद्र प्रसाद ,मोहम्मद तसलीम ,शमशेर आलम एवं अन्य मौजूद थे।

## हजारीबाग जिले में 17 से 24 अक्टूबर तक होगा बजरंग दल के द्वारा संस्कार सप्ताह का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में उपस्थित बजरंग दल के कार्यकर्ता

विश्व हिंदु परिषद का बैठक हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के गणेश मंदिर प्रांगण में जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता की अध्यक्षता एवं संचालन जिला मंत्री प्रदीप सोनी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में पिछले सभी कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रम जैसे 17 से 24 अक्टूबर 2021 तक बजरंग दल संस्कार सप्ताह के निमित्त 16 प्रखंड एवं नगर के प्रत्येक मोहल्ले टोलो तक यह मनाना सुनिश्चित हुआ। साथ ही छठ पूजा में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों में सेवा कार्य करना तय हुआ एवं 4 नवीन तत्वों की घोषणा की गई । दुर्गा वाहिनी नगर संयोजिका बहन शालिनी कुमारी, नगर सुरक्षा प्रमुख बंटी साहू ,सदर प्रखंड संयोजक सत्यम कुमार, सहसंयोजक राहुल कुमार, जिला मंत्री प्रदीप सोनी के द्वारा घोषणा किया गया। इस बैठक में बजरंग दल जिला सहसंयोजक आ. मकार कुमार, जिला सहसंयोजक सहदेव गुप्ता, नगर संयोजक आशीष बरनवाल, नगर सह संयोजक सोनू , बबलू एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष मंत्री एवं संयोजक उपस्थित रहे।

## गैंडा विद्यालय में चोरों ने हजारों की संपत्ति उड़ाए

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गैड़ा में बीते रात चोरों ने हजारों की संपत्ति की चोरी कर ली। मामले को लेकर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत रविदास ने बताया की विद्यालय 12 अक्टूबर से लेकर 15 अक्टूबर तक दशहरा पर्व को लेकर बंद था। शनिवार को लिपिक मयंक पांडेय ने विद्यालय पहुंचने पर देखा कि कमरे में लगा ताला टूटा हुआ है। चोरों ने विद्यालय में लगा पंपसेट मशीन, तार, पाइप व चार पंखे की चोरी कर ली है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर सूचित किया है साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग को भी भेजी है।

अपेम लाइव न्यूज़ में विज्ञापन लगाने के लिए
संपर्क करें : सोनु पंडित 9550809864

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी